भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

03 अप्रैल 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा उत्तरकाशी (उत्तराखंड) के रामलीला मैदान में आयोजित विशाल "विजय संकल्प" सभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

सेना के जवान सीमा पर विषम परिस्थितियों में रहते हुए हमारी सुरक्षा में दिन-रात लगे रहते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए अफस्पा (AFSPA) क़ानून बनाया गया लेकिन कांग्रेस इसे हटाने की बात करती है। राहुल गाँधी को देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर वोटबैंक की राजनीति के लिए शर्म आनी चाहिए

****

कांग्रेस पार्टी की हिम्मत नहीं है AFSPA हटाने की, भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार चट्टान की तरह देश की सेना के साथ खड़ी है, हम सेना का मनोबल कभी नहीं गिरने देंगे

****

कांग्रेस और राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री अर्थात् एक देश में दो प्रधानमंत्री की मांग कर रहे हैं लेकिन राहुल गाँधी चुप हैं। उनके एक और साथी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी चुप है

****

राहुल गाँधी देश की जनता के सामने स्पष्ट करें कि वे उमर अब्दुल्ला की मांग का समर्थन करते हैं या नहीं? कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे के साथ है या नहीं?

****

हम तो डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के पदचिह्नों पर चलने वाले लोग हैं जिन्होंने भारतवर्ष की एकता और अखंडता के लि, जम्मू-कश्मीर में अपने जीवन का बलिदान किया था। हम सत्ता में रहें या विपक्ष में - जब तक हमारे शरीर में प्राण हैं, एक देश में दो प्रधानमंत्री नहीं हो सकते

****

देश की जनता तय करे कि उन्होंने AFSPA हटाने वाली, और आतंकियों के साथ बातचीत करने वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार चाहिए, जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री पद की मांग करने वालों की सहयोगी कांग्रेस पार्टी की सरकार चाहिए या देश को एक सूत्र में पिरोकर सुरक्षित रखने वाली मोदी सरकार?

****

कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में देशद्रोह के कानून को ख़त्म करने की वकालत की है। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहता हूँ कि वह देशद्रोह के क़ानून को ख़त्म कर किसको बचाना चाहती है? राहुल गाँधी, वोटबैंक की राजनीति के लिए इतना भी नीचे मत गिरें

****

राहुल गाँधी जेएनयू में 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' का नारा लागाने वाले राष्ट्र विरोधी तत्वों के समर्थन में जाकर खड़े हो जाते हैं। अब जब ऐसे देशद्रोही कार्यों में संलिप्त अपराधी तत्वों पर मुकद्दमें चल रहे हैं तो राहुल गाँधी ऐसे लोगों को बचाना चाहते हैं!

****

कांग्रेस पार्टी ने सरकारें चलाई एक परिवार के राजवंश को आगे बढ़ाने के लिए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने सरकार चलाई देश के गरीबों के जीवन को ऊपर उठाने के लिए

****

पंडित नेहरू ने कहा था गरीबी हटायेंगे, इंदिरा गाँधी ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया, राजीव गाँधी व सोनिया गाँधी ने भी यही नारा दिया और आज राहुल गाँधी भी गरीबी हटाने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने आजादी के 70 सालों गरीबी नहीं हटाई, केवल 'गरीबी हटाने' के नारे दिए

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 50 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की है चाहे वह आयुष्मान भारत योजना हो, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि हो, श्रमयोगी मान-धन योजना हो या अन्य योजनायें। मोदी सरकार की हर योजना के केंद्र में देश के गरीब ही हैं

****

उत्तराखंड के लिए किसी एक राजनीतिक दल ने शुरू से संघर्ष किया, राज्य की जनता के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ी रही तो वह केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी है। आज जो विपक्षी पार्टियां उत्तराखंड के विकास के दावे करती हैं, उन्होंने ही रामपुर तिराहे पर निर्दोष जनता पर गोलियां चलवाई थी

****

कांग्रेस पार्टी 55 वर्षों से OROP को लटकाए हुए थी लेकिन मोदी सरकार ने एक ही साल में इसे लागू करने का काम किया और अब तक लगभग 35,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भूतपूर्व सैनिकों के बैंक एकाउंट में पहुंचाई जा चुकी है

****

चार-धाम को जोड़ने वाली 900 किलोमीटर लंबी ऑल वेदर रोड उत्तराखंड की भाग्य रेखा बनने वाली है। इससे राज्य का विकास और तेज गति से हो सकेगा

****

जब देश की सेना ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर पर पहले सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक करके आतंकवादियों को घर में घुस कर मारा तो पूरे देश में खुशी की लहर थी लेकिन राहुल गाँधी, उनकी पार्टी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के चेहरे पर लटके हुए थे

****

यदि देश को सुरक्षित रखना है, आतंकवादियों और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना है तो केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही दे सकते हैं

****

जब केंद्र और उत्तराखंड दोनों जगह कांग्रेस पार्टी की सरकार थी तो 13वें वित्त आयोग में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने राज्य को विकास के लिए महज 36,000 करोड़ रुपये की राशि दी जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में प्रदेश के लिए दोगुने से भी अधिक लगभग 84,000 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज उत्तरकाशी (उत्तराखंड) के रामलीला मैदान में आयोजित विशाल जन-सभा को संबोधित किया और अपने चुनावी घोषणापत्र में कांग्रेस द्वारा देश के वीर जवानों की शहादत और देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाले वादे को लेकर कांग्रेस एंड कंपनी एवं राहुल गाँधी पर कड़ा प्रहार किया।

चार धाम और माँ गंगा एवं माँ यमुना को सादर नमन करते हुए श्री शाह ने कहा कि **उत्तराखंड के लिए किसी एक राजनीतिक दल ने शुरू से संघर्ष किया, राज्य की जनता के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ी रही तो वह केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी है। आज जो विपक्षी पार्टियां उत्तराखंड के विकास के दावे करती हैं, उन्होंने ही रामपुर तिराहे पर निर्दोष जनता पर गोलियां चलवाई थी।** हमें गर्व है कि जब भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई तो श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने उत्तराखंड का निर्माण करने का काम किया था। राज्य के विधान सभा चुनावों के दौरान हमने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा था कि श्रद्धेय अटल जी ने उत्तराखंड को बनाया है, अब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी इसे संवारने का काम करेंगे। आज राज्य की त्रिवेन्द्र सिंह रावत सरकार प्रधानमंत्री जी के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर कर रही है। वर्षों से लटकी हुई परियोजनाओं को पूरा किया जा रहा है और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उत्तराखंड में विकास की प्रवाहित होती गंगा को लेकर बोलते हुए कहा कि उत्तराखंड की पावन धरती वीरों की भी भूमि है। उन्होंने कहा कि **कांग्रेस पार्टी 55 वर्षों से OROP को लटकाए हुए थी लेकिन मोदी सरकार ने एक ही साल में इसे लागू करने का काम किया और अब तक लगभग 35,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भूतपूर्व सैनिकों के बैंक एकाउंट में पहुंचाई**

जा चुकी है। उन्होंने कहा कि **चार-धाम को जोड़ने वाली 900 किलोमीटर लंबी ऑल वेदर रोड उत्तराखंड की भाग्य रेखा बनने वाली है। इससे राज्य का विकास और तेज गति से हो सकेगा।** उन्होंने कहा कि भारतमाला परियोजना के तहत लगभग 10 हजार करोड़ रुपये की लागत से अलग से 570 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जा रही है। रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। रूडकी देवबंद रेललाइन पर काम चल रहा है जिससे देहरादून से दिल्ली की दूरी महज तीन घंटे की रह जायेगी। उड़ान योजना से उत्तराखंड को जोड़ा गया है। साथ ही ग्राम पंचायतों का विकास कर पहाड़ से होने वाले पलायन को रोकने के लिए भी योजनायें बनाई गई हैं।

श्री शाह ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 50 करोड़ गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाओं की शुरुआत की है।** आयुष्मान भारत योजनाओं के तहत देश के लगभग 50 करोड़ लोगों को सालाना पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मुफ्त दिया जा रहा है। इससे बड़ी स्वास्थ्य बीमा आज तक पूरी दुनिया में नहीं चलाई गई। उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने इस दिशा में एक और कदम उठाते हुए राज्य के हर नागरिक को स्वास्थ्य बीमा का लाभ पहुंचाने का निर्णय किया। ऐसा करने वाला उत्तराखंड भारत का पहला राज्य है। इसके साथ ही मोदी सरकार ने लगभग 7 करोड़ गरीब माताओं तक गैस के कनेक्शन पहुंचाए, लगभग 10 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया, लगभग 16 करोड़ लोगों को स्वर्जोगार के लिए मुद्रा योजना के तहत ऋण उपलब्ध कराये गए, करोड़ों लोगों को जीवन बीमा और सुरक्षा बीमा नाम मात्र के प्रीमियम पर उपलब्धि कराई गई और 13 करोड़ गरीब माताओं और छोटे बच्चों का टीकाकरण किया गया। मोदी सरकार ने सामान्य वर्ग के गरीब बच्चों के लिए 10% आरक्षण का प्रावधान किया। 40 लाख तक के टर्नओवर तक जीएसटी और पांच लाख रुपये तक की आय को इनकम टैक्स से मुक्त कर दिया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने सरकारें चलाई एक परिवार के राजवंश को आगे बढ़ाने के लिए, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने सरकार चलाई देश के गरीबों के जीवन को ऊपर उठाने के लिए।** उन्होंने कहा कि **पंडित नेहरू ने कहा था गरीबी हटायेंगे, इंदिरा गाँधी ने 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया, राजीव गाँधी जी ने गरीबी हटाने की बात कही, सोनिया गाँधी ने 10 वर्षों की यूपीए सरकार के दौरान भी यही नारा दिया और आज राहुल गाँधी भी गरीबी हटाने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने आजादी के 70 सालों गरीबी नहीं हटाई, केवल 'गरीबी हटाने' के नारे दिए।**

श्री शाह ने कहा कि **जब देश की सेना ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के बल पर पर पहले सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा आतंकी हमले के बाद एयरस्ट्राइक करके आतंकवादियों को घर में घुस कर मारा तो पूरे देश में खुशी की लहर थी लेकिन राहुल गाँधी और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के चेहरे पर लटके हुए थे** क्योंकि उन्हें लगा कि इससे फायदा तो भाजपा को होगा। **कांग्रेस एंड कंपनी देश को सुरक्षा नहीं दे सकती, आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब नहीं दे सकती और पाकिस्तान को करारा सबक नहीं सिखा सकती। यदि देश को सुरक्षित रखना है, आतंकवादियों और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देना है तो केवल और केवल भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही दे सकते हैं।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **तीन दिन से कांग्रेस और राहुल गाँधी के साथी उमर अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री अर्थात् एक देश में दो प्रधानमंत्री की मांग कर रहे हैं लेकिन राहुल गाँधी चुप हैं। उनके एक और साथी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं लेकिन राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी चुप है। राहुल गाँधी देश की जनता के सामने स्पष्ट करें कि वे उमर अब्दुल्ला की मांग का समर्थन करते हैं या नहीं? कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे के साथ है या नहीं?** उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सोच स्पष्ट है। **हम तो डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के पदचिहनों पर चलने वाले लोग हैं जिन्होंने भारतवर्ष की एकता और अखंडता के लिए जम्मू-कश्मीर में अपने जीवन का बलिदान किया था। हम सत्ता में रहें या विपक्ष में - जब तक हमारे शरीर में प्राण हैं, एक देश में दो प्रधानमंत्री नहीं हो सकते।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता इसके लिए अपने प्राणों की बाजी लगा देंगे।

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणापत्र में देशद्रोह के कानून को ख़त्म करने की वकालत की है। मैं कांग्रेस पार्टी से पूछना चाहता हूँ कि वह देशद्रोह के क़ानून को ख़त्म कर किसको बचाना चाहती है? राहुल गाँधी जेएनयू में 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' का नारा लागाने वाले राष्ट्र विरोधी तत्वों के समर्थन में जाकर खड़े हो जाते हैं। अब जब ऐसे देशद्रोही कार्यों में संलिप्त अपराधी तत्वों पर मुकद्दमें चल रहे हैं तो राहुल गाँधी ऐसे लोगों को बचाना चाहते हैं! राहुल गाँधी, वोटबैंक की राजनीति के लिए इतना भी नीचे मत गिरें, देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ मत कीजिये।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **सेना के जवान सीमा पर विषम परिस्थितियों में रहते हुए हमारी सुरक्षा में दिन-रात लगे रहते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए अफस्पा (AFSPA) क़ानून बनाया गया लेकिन कांग्रेस अपने चुनावी घोषणापत्र में कहती है कि वह इसे हटा लेगी।** कांग्रेस पार्टी को चुनौती देते हुए श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस पार्टी की हिम्मत नहीं है AFSPA हटाने की, भारतीय जनता पार्टी आपके नापाक मंसूबों को कामयाब नहीं होने देगी। भारतीय जनता पार्टी और केंद्र की मोदी सरकार चट्टान की तरह देश की सेना के साथ खड़ी है, हम उनका मनोबल कभी नहीं गिरने देंगे।** उन्होंने कहा कि **देश की जनता तय करे कि उन्होंने AFSPA हटाने वाली, और आतंकियों के साथ बातचीत करने वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार चाहिए, जम्मू-कश्मीर में अलग से प्रधानमंत्री पद की मांग करने वालों की सहयोगी कांग्रेस पार्टी की सरकार चाहिए या देश को एक सूत्र में पिरोकर सुरक्षित रखने वाली मोदी सरकार?**

श्री शाह ने कहा कि **जब केंद्र और उत्तराखंड दोनों जगह कांग्रेस पार्टी की सरकार थी तो 13वें वित्त आयोग में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने राज्य को विकास के लिए महज 36,000 करोड़ रुपये की राशि दी जबकि मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग में प्रदेश के लिए दोगुने से भी अधिक लगभग 84,000 करोड़ रुपये आवंटित किये हैं।** उन्होंने कहा कि **उत्तराखंड का विकास, देश की सुरक्षा और गरीबों का कल्याण यदि कोई सरकार कर सकती है तो वह मोदी सरकार ही कर सकती है।** उन्होंने कहा कि राज्य की त्रिवेन्द्र सिंह रावत सरकार उत्तराखंड को मॉडल स्टेट के रूप में डेवलप करने के लिए प्रयत्नशील है। मैं उत्तराखंड की महान जनता से करबद्ध निवेदन करते हुए कहना चाहता हूँ कि आप राज्य की सभी पांच सीटों पर प्रचंड बहुमत से पुनः भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाकर केंद्र में 'फिर एक बार, मोदी सरकार' के गठन का मार्ग प्रशस्त करें।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव